सांसदों ने श्री के.एस. हेगड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली; 11 जून, 2023: सांसदों ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री के.एस. हेगड़े की जयंती के अवसर पर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और लोक सभा और राज्यसभा सचिवालयों के अधिकारियों ने भी श्री हेगड़े को श्रद्धांजलि दी।

श्री के.एस. हेगड़े एक प्रतिष्ठित सांसद और न्यायविद थे। वह पहली बार 1952 में राज्य सभा के लिए निर्वाचित हुए और 1957 तक सदन के सदस्य रहे। उन्होंने मैसूर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपनी नियुक्ति के बाद राज्य सभा से इस्तीफा दे दिया। तत्पश्चात उन्होंने दिल्ली और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। 1967 में, उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया, जहाँ वे 30 अप्रैल 1973 को अपने इस्तीफे तक बने रहे। 1977 में, श्री हेगड़े बैंगलोर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के लिए चुने गए। डॉ. नीलम संजीव रेड्डी के इस्तीफे के बाद 21 जुलाई 1977 को श्री हेगड़े को लोक सभा अध्यक्ष के रूप में चुना गया। जनवरी 1980 में अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद, श्री हेगड़े कर्नाटक में अपने पैतृक स्थान चले गए । 24 मई 1990 को श्री हेगड़े का निधन हो गया।

लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री के.एस. हेगड़े के जीवन परिचय की पुस्तिका उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों को भेंट की गई।